तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

11 बेलसोंडा के शीतला माता में हुआ अष्टमी हवन पूजन ...

12 जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान ..


किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

हेल्थ इंश्योरेंस एवं बीजू कार्ड (ओड़िशा) द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध

- घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण, फ्रैक्चर सर्जरी
- मस्तिष्क एवं स्पाइन सर्जरी
- नाक, कान एवं गले की सर्जरी
- पीडियाट्रिक सर्जरी
- डिलीवरी एवं स्त्री रोग सम्बन्धी सर्जरी
- किडनी एवं पथरी सम्बन्धी सर्जरी
- हर्निया, गॉलब्लेडर एवं हाइड्रोसील सर्जरी

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
NABH मान्यता प्राप्त
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-घान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

# दुर्गा अष्टमी पर हुआ हवन-पूजन, मंदिरों में हुए नौ कन्या भोज



## अष्टमी पर सुबह से मंदिरों में हुई महागौरी के स्वरूप की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर सहित अंचल में मंगलवार को दुर्गाअष्टमी के अवसर पर देवी मंदिरों में हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला मुख्यालय स्थित शहर की कुल देवी महामाया मंदिर में सबसे पहले सुबह पूजन कर पूर्णाहूति दी गई। इसके बाद अन्य देवी मंदिरों में दुर्गाष्टमी में हवन हुआ। इस मौके पर कन्या भोज कराने के बाद जगह-जगह पर भंडारा का भी आयोजन हुआ। साथ ही मंदिरों में रामनवमी की भी तैयारियां जोरों पर रही। भंडारा में मां दुर्गा की महाप्रसादी ग्रहण करने भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ती रही।

नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि में दुर्गा अष्टमी का खास महत्व माना जाता है। जो लोग 9 दिनों का व्रत नहीं रख पाते हैं, वो इसके पहले दिन और दुर्गा अष्टमी को व्रत रखते हैं। दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की गई। ये आठवीं नवदुर्गा माना जाता है।

हवन-पूजन के बाद 2 से 10 साल की उम्र की नौ कन्याओं का पूजन किया गया। माना जाता है कि इस उम्र तक की कन्याओं में मां दुर्गा का वास होता है। इस अवसर पर अविवाहित लड़की या छोटी बालिका का श्रृंगार कर देवी दुर्गा की तरह उनकी आराधना की गई।

### हवन पूजा के बाद कराया गया नौ कन्या भोज

समीपस्थ ग्राम बिरकोनी स्थित देवी मंदिरों में मंगलवार को अष्टमी हवन संपन्न हुआ। औद्योगिक क्षेत्र स्थित मौली माता मंदिर में भक्तों ने व्रत रखकर मंदिरों में माता को श्रृंगार रूपी सजाकर दर्शन किए। वहीं सैकड़ों की संख्या में दर्शन करने श्रध्दालु पहुंचते रहे। श्रद्धालुओं ने अष्टमी पर्व को लेकर सभी तैयारी की थी। जिसमें माता का नींबू से श्रृंगार करते हुए भव्य स्वागत तैयार किया गया जो कि आकर्षण का केंद्र रहा। मौली मंदिर में 1 बजे हवन पूर्णाहुति संपन्न हुई। देवी स्वरूप कन्याओं की पूजा अर्चना कर नौ कन्या भोज कराया गया। इस दौरान परमानंद साहू, मोती राम साहू, गौरीशंकर चंद्राकर, राजेन्द्र चंद्राकर, भोला साहू, किशन साहू, शिव महिलांग, पप्पू चंद्राकर, भुखन ढीढी, रोहित साहू, राजू साहू, कौशल साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## विवाद : कईयों को गंभीर अवस्था में रायपुर किया गया रेफर

# आधी रात ढाबा में जमकर चले हथियार दोनों पक्षों से घायल, मामला भी हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





ढाबा में खाना खाने पहुंचे परिवार और ढाबा संचालक और उनके कर्मचारियों के बीच सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात जमकर संघर्ष हुआ। दोनों ओर से जमकर हथियार चले जिसमें दोनों पक्षों में कई लोग घायल हुए और कईयों को गंभीर अवस्था में रायपुर तक रिफर करना पड़ा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई घायलों को अस्पताल पहुंचाया वहीं बाद में दोनों पक्षों द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है।

शहर के समीपस्थ ग्राम बिरकोनी स्थित केसरिया ढाबा में हुई उक्त घटना के संदर्भ में ढाबा संचालक रणधीर खनूजा ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल की देर रात 1.00 बजे ढाबा बंद होने के बाद स्टाफ के लोग परिसर में ही आपस में क्रिकेट खेल रहे थे। रात करीब 1.30 बजे उनका स्टाफ धर्मेंद्र यादव अचानक रूम का दरवाजा जोर-जोर से खटखटाने लगा। और बताया कि ढाबा स्टाफ पार्किंग में क्रिकेट खेल रहे स्टाफ से कुछ लोग चार पहिया गाडियों में आकर बोले कि खाना खिलाओ। जब हमने कहा कि ढाबा बंद हो गया है और खाना नहीं बन पाएगा तो मारपीट करने लगे। संचालक ने बताया कि जब पार्किंग में पहुंचा तो धीरज सरफराज, साहिल सरफराज और उनके अन्य 10-15 साथी मेरे स्टाफ गालियां देते हुए आज तुम लोगों को जान से मार देंगे कहते हुए क्रिकेट के बैट, लोहे की राड, धारदार हथियार व डंडे से मारपीट कर रहे थे। जब मैने धीरज सरफराज को बीच-बचाव कर झगड़ा नहीं करने की समझाइश दी तो वह मुझे ही गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। ढाबा संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने धीरज सरफराज, साहिल सरफराज एवं अन्य 10-15 साथी के खिलाफ धारा 147, 148, 294, 323, 307 और 506 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई ढाबा संचालक और कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट

वहीं दूसरे पक्ष के धीरज सरफराज पिता फूलचंद साहू ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि वह रात लगभग 1.00 बजे अपने परिवार व बच्चों के दोस्तों के साथ केसरिया ढाबा में खाना खाने गया। जहां पर पार्किंग में पूर्व की भांति मेरे परिवार के बच्चे व उनके दोस्त लोग मनोरंजन के लिए क्रिकेट खेल रहे थे, उसी बीच लगभग 1.30 बजे ढाबा के कर्मचारी वहां पर आकर क्रिकेट खेल रहे बच्चों से बोले कि हमारे साथ 20-20 हजार रुपए का दांव लगाकर मैच खेलो नहीं तो यहां खेलने नहीं देंगे। मेरे द्वारा जब कहा गया कि अभद्रता क्यों कर रहे हैं, तब वे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान ढाबा का संचालक रणधीर सिंह भी अन्य कर्मचरियों के साथ दौड़ते हुए आकर गालियां देते हुए मुझसे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा । इसी दौरान ढाबे के अंदर से उसके अन्य कर्मचारी तलवार, राड व डंडा लेकर आए और हम लोगों पर हमला कर दिया। जिस पर हम लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर होटल संचालक रणधीर सिंह खनूजा, हरमीत सिंह खनूजा और उनके अन्य साथियों पर धारा 294, 323, 506, 326 और धारा 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आधी रात थाना में उछला डिप्टी सीएम का नाम

आरोप प्रत्यारोप के दौरान के बीच प्रार्थी धीरज सरफराज ने कहा कि ढाबा संचालक द्वारा डिप्टी सीएम शर्मा का वरदहस्त होने के चलते मारपीट की गई। वही मामले को लेकर ढाबा संचालक रणधीर सिंह की मानें तो मामले को राजनितिक रूप देने अनर्गल आरोप लगाया जा रहा है। घटना का पूरा सीसी टीवी फुटेज कैमरे में रिकॉर्ड है। पुलिस मामले की पूरी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे।

## गांजा परिवहन के मामले में 5 वर्ष की सजा, 50 हजार का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



एनडीपीएस के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने नयापारा नर्सरी महासमुंद के पास रहने वाले बैसाखू यादव पिता स्व. बुधारू यादव एवं गुरुचरण विश्वकर्मा पिता काशीराम विश्वकर्मा को 5-5 साल की सजा सुनाई और 50-55 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार महासमुंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत 1 सितंबर 2023 को एनएच 53 पर स्थित बिरकोनी के बरबसपुर चौक पर दोनों आरोपियों को पुलिस ने अवैध रूप से गांजा परिवहन करते हुए पकड़ा था। इनके संयुक्त कब्जे से पुलिस ने कुल 5 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त किया था। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र कुमार साहू ने पैरवी की।

## जनता के लिए रूपकुमारी ने बनाई चाय



महासमुंद। देश के पीएम मोदी जी चाय वाला के तौर पर प्रसिद्ध हैं और मोदी का अनुसार करते हुए यहां भाजपा के प्रत्याशी भी चाय को लेकर कोई न कोई आयोजन में व्यस्त हैं। यह दृश्य है शहर के स्थानीय अंबेडकर चौक स्थित साहू कॉफी हाउस का जहां भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने स्वयं जनता के लिए चाय बनाई और आमजनों को चाय परोसते हुए देश के भविष्य को लेकर चाय पर चर्चा की। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू, मंडल अध्यक्ष सतपाल पाली, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, महेंद्र सिक्का, रमेश साहू, मुन्ना साहू, सूर्य प्रताप ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन मकान से 20 बंडल तार की चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम भुरकोनी मे निर्माणाधीन मकान में रखे तार की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी पेलेस कुमार साहू पिता सालिकराम साहू (34) रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि किसी अज्ञात चोर ने उनके निर्माणाधीन मकान से 20 बंडल बंडल वी-गार्ड कंपनी का वायरिंग तार कीमत 70 हजार रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।



### चंडी बांध के पास से महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान चंडी बांध के पास से ग्राम घुचापाली के पास से दीपक चौहान पिता शत्रुघन चौहान (49) वार्ड नं 03 घुंचापाली निवासी को 4 हजार एमएल महुआ शराब कीमती 800 रुपए को बिक्री करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है।

### 8 किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने टेमरी नाका के पास एक व्यक्ति के कब्जे से 8 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जीवन ठाकुर पिता रघुनाथ सिंह ठाकुर (28) निवासी धमनी, जिला जबलपुर मप्र 8 किलो गांजा कीमत 160000 रुपए की बिक्री करने पैदल जा रहा था, पूछताछ के बाद उसके पास से गांजा के साथ एक मोबाइल, नगद 500 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### नवजात शिशु व बच्चों का निःशुल्क सर्जरी कैंप कल

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम अंचल में 18 अप्रैल को सुबह 10 बजे से नवजात शिशु एवं बच्चों का निःशुल्क सर्जरी कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें डॉ रितेश रंजन ( एमबीबीएस, एमसीएच) नवजात शिशु एवम बच्चों के सर्जन अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में नवजात शिशु एवं बच्चों से संबंधित जैसे सिर का बड़ा होना, हाथ पैर की उंगलियों का जुड़ा होना, तालु व होंठ का फटा होना, जीभ की सुतली, शरीर में गठान, अंडकोष में सूजन, अंडकोष एवम जांघ के आसपास में सूजन, हर्निया, अनडेसेंडेंट टेस्टिस, गोटी का ऊपर होना, जन्मजात मलद्वार एवं पेशाब रास्ते के विकार, खतना, अपेंडिक्स, पेट में सूजन ट्यूमर,गले या पीठ में गठान का आपरेशन किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड एवं बीजू कार्ड द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा है। इसमें मरीज एवम परिजन का रुकना, खाना, दवाइयां, जांच ऑपरेशन पूरी तरह कैशलैस निःशुल्क रहेगा।

# हार से खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिएः राशि

## दस दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट बम्हनी के फाइनल मैच में शामिल हुई नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग बतौर मुख्यातिथि ग्राम बम्हनी में आयोजित बम्हनी प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल मैच में शामिल हुईं। फाइनल मैच बम्हनी और ग्राम कौवाझर टीम के बीच खेला गया। बम्हनी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम कौवाझर को 86 रन लक्ष्य दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी विपक्षी कौवाझर की टीम 55 रन ही बना पाई और बम्हनी की टीम विजयी रही। मुख्यातिथि की आसंदी से खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि खेल में हार और जीत दोनों खेल के अहम पहलू है। एक टीम को जहां जीत मिलती है तो वहीं दूसरी टीम को हार का सामना करना पड़ता है।

हार से टीम और खिलाड़ियों को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि हार से सीख लेकर खेल के दौरान हुई गलतियों को अगली बार के खेल में सुधार करना चाहिए ताकि अगली बार वे जीत सके। उन्होंने विजयी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। इससे पूर्व बम्हनी टीम के कप्तान भगवती सोनवानी, उपकप्तान पोखन सोनवानी ने उनका स्वागत किया। फाइनल मैच को देखने के लिए बम्हनी के अलावा आसपास के गांव के युवा और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच में प्रमुख रूप से कामता सोनी, लक्ष्मण रात्रे, गैंदराम, गोकुल, जितेन्द्र, बालाराम, जीवराखन, मोहन, लल्लू, राजू मौजूद रहे। श्रीमती महिलांग ने विजयी टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10001, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अश्विनी सचिन गायकवाड़ ने उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5001 रुपए और तृतीय पुरस्कार 3001 लल्लू पाल ने दिया। इस दौरान दर्शकों ने मैच का लुत्फ उठाया।

## दो घरों में छापा, अवैध शराब बरामद

**महासमुंद।** पुलिस ने दो घरों में छापामार कर अवैध महुआ शराब बरामद किया है। बसना पुलिस ने ग्राम कुदारीदादर से पंचराम सिदार पिता स्व. दुलार सिंग सिदार (45) के कब्जे से 15 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 3000 रुपए जब्त किया है। वहीं पटेवा पुलिस ने ग्राम रामाडबरी से मनमोहन भारती पिता राजकुमार भारती (36) के पास से 20 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 6 हजार रुपए को घर के आंगन से बरामद कर जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

# शहरों में पानी कटौती के एक माह पहले देनी होगी सूचना, केंद्र के एक्शन प्लान का है निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों यानी नगरीय निकाय क्षेत्र में अगर जल आपूर्ति विभाग पानी की नियोजित कटौती करता है, तो इस बारे में नागरिकों को एक माह पहले सूचना देनी होगी। इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत को आदेश जारी कर दिया है।

अभी तक प्रदेश के नगरीय निकायों में यदि किसी भी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहती है, तो इसकी सूचना आमतौर पर दो-तीन दिनों पहले जारी की जाती है। चाहे वह किसी भी कारण से आपूर्ति प्रभावित क्यों न हो रही है, लेकिन नए आदेश के बाद एक महीना पहले नगरीय निकायों को विभागीय पोर्टल के माध्यम से यह सूचना सार्वजनिक करनी होगी कि किस तारीख को जल आपूर्ति प्रभावित रहने वाली है।

## सूडा ने जारी किया सभी निकायों के लिए आदेश

निकायों के पोर्टल पर देनी होगी सूचना




### अब जारी हुआ ये निर्देश

राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्तों और पालिका तथा नगर पंचायतों के सीएमओ को जारी निर्देश में कहा है कि निकाय क्षेत्र में नियोजित कटौती (रखरखाव एवं मरम्मत) की सूचना एक महा पूर्व नगरीय निकायों में संचालित पोर्टल अरबनसीजी डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से देना प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस निर्देश से छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, सभी संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर,बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर, एवं जगदलपुर को अवगत कराया गया है।

### केंद्र सरकार का है आदेश

एक माह पर सूचना देने का आदेश राज्य शहरी विकास अभिकरण ने इसलिए जारी किया है कि इस संबंध में भारत सरकार के बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान (बीआरएपी 2024) के अंतर्गत निर्देश दिए गए हैं। इस एक्शन प्लान के तहत जल आपूर्ति के संबंध में कई बिंदुओ के आधार पर नियोजित कटौती (रखरखाव एवं मरम्मत) की सूचना नागरिकों को एक माह पूर्व देने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### जेसीसीजे युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा प्रवेश

**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को हजारों कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल किया तथा नामांकन रैली में शामिल आमजनों को संबोधित किया। इस दौरान मंच में उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं अनेक मंत्रियों और विधायकों की उपस्थिति में क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू ने सोमवार को भाजपा के विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान श्री साहू ने कहा, आज देश मोदीजी के सुरक्षित हाथों में हैं और हमारा छत्तीसगढ़ विष्णुदेव साय के मजबूत नेतृत्व के साथ आगे बढ़ रहा है। इस दौरान श्री साहू को भगवा गमछा पहनाकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने पार्टी में प्रवेश कराया।

### धूमधाम से मनाया संत कंवरराम जन्मोत्सव





**रायपुर।** एसएसडी धाम अमलीडीह में संत साईं कंवरराम साहिब का जन्मोत्सव मेला धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शर्बत एवं प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पूरा एसएसडी परिवार एवं सभी धर्मप्रेमी शामिल हुए। रात को भगत साहिब के सत्संग के बाद केक काटा गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी एवं कार्यकारिणी सदस्यों समेत सिंधुजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### प्रशिक्षु आईएएस ने किया पदभार ग्रहण



**रायपुर।** जिला प्रशासन को एक और प्रशिक्षु आईएएस मिली हैं। बतौर सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद ने सोमवार को कलेक्टोरेट में अपनी ज्वाइनिंग दी। मूलतः अल्पपूझा जिला केरला की रहने वाली अनुपमा वर्ष 2023 बैच की प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी हैं। इन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, तिरुवनंतपुरम केरल से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण की है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अनुपमा आनंद को पुष्पगुच्छ देकर पदभार ग्रहण कराया।

### मुख्यमंत्री साय यादव समाज से मांगें माफी : द्वारिकाधीश

# मुख्यमंत्री ने देवेंद्र को कहा लठैत, सियासत तेज कांग्रेस बोली- पूरे यादव समाज का अपमान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को लठैत कहने वाले बयान पर राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस ने इसे यादव समाज का अपमान बताया है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को यादव समाज से माफी मांगने की मांग रखी है। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में कांग्रेस विधायक द्वारिकाघीश यादव ने यह आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के देवेंद्र यादव पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा, मुख्यमंत्री ने यादव समाज का अपमान किया है। विधायक देवेन्द्र यादव को लठैत कहना यादव समाज का अपमान है। मेरा मानना है कि साय ऐसा नहीं बोल सकते, उनसे डबल इंजन की सरकार ने यह बयान दिलवाया है। उन्होंने कहा, विधायक देवेन्द्र यादव लठैत नहीं, वे यदुवंशी हैं। अपने इस बयान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पूरे यादव समाज से माफी मांगें। यदि वे माफी मांगते हैं, तो हो सकता है कि उनकी पार्टी में जो आस्था-विश्वास रखते हैं, इसका लाभ उन्हें मिले। नहीं तो प्रजातंत्र में एक ही माध्यम है बटन।

### देश को जाति के नाम पर बांटने का आरोप

कांग्रेस विधायक द्वारकाधीश यादव ने कहा, भाजपा ने पहले देश को धर्म के नाम पर बांटा और अब जाति के नाम पर बांट रही है। कई जातियों को अपमानित किया जा रहा है। चरणबद्ध तरीके से सभी का अपमान किया जा रहा है। किसानों का भी अपमान किया गया है। सत्ता के अहंकार में वे लोग कुछ भी बोल रहे हैं। 400 पर का नारा दे रहे हैं। भाजपा यह समझ चुकी है कि हम प्रजातांत्रिक तरीके से सत्ता में वापस नहीं आ सकेंगे।

## भाजपा नेता बोले- मुख्यमंत्री द्वारा यादव समाज का अपमान करने का कांग्रेस झूठ और भ्रम फैला रही

### भाजपा नेताओं का कांग्रेस के बयान पर पलटवार

छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन यादव और भाजपा विधायक मोतीलाल साहू व गजेंद्र यादव ने संयुक्त वक्तव्य में कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर यादव समाज का अपमान करने के लगाए गए आरोप पर पलटवार करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देश-प्रदेश के हर तबके का अपमान और उनके साथ छल करने वाली



कांग्रेस के लोगों के मुंह से इस तरह का मिथ्या प्रलाप कतई शोभा नहीं देता। भाजपा नेताओं ने कहा लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के पास चूंकि कोई मुद्दा नहीं रह गया है, इसलिए वो इस तरह का प्रलाप करके झूठ फैला रहे हैं, लेकिन प्रदेश का जनमानस और कोई भी समाज अब कांग्रेस के झांसे में नहीं आने वाला है। मधुसूदन यादव और दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव ने कहा, सच तो यह है कि नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने मोदीजी के विरुद्ध हिंसा के लिए उकसाया और यादव समाज को केवल लठैत और सतनामी समाज को केवल गाली देने वाला समाज कहा, उस पर शर्मिंदा होने या माफी मांगने के बजाये कांग्रेस द्वारा उल्टे बकवास करना घृणित और निंदनीय है। कांग्रेसियों को तब यादव और सतनामी समाज के अपमान की पीड़ा क्यों नहीं हुई जब नेता प्रतिपक्ष महंत ने कांग्रेस के ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही एक विधायक का नाम लेकर उसे भी एक मजबूत लाठी धरैया और एक पूर्व विधायक का नाम लेकर उसे सिर्फ गाली दे सकने वाला बताया था। प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान करने वाले विभिन्न समाजों का सार्वजनिक मंचों से खुला अपमान करने वाले कांग्रेसियों यह दोहरा राजनीतिक चरित्र प्रदेश की जनता देख रही है, समझ रही है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, हार कर लौटती हुई सेना की तरह कांग्रेस अब सब कुछ ध्वस्त और नष्ट कर देना चाहती है। कांग्रेस अब सभ्यता, संस्कृति, शालीनता और सभी मर्यादाओं को घोटकर पी गई है। सच तो यह है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का एक सौम्य और सहज आदिवासी चेहरा कांग्रेस को शूल की तरह से चुभ रहा है। कांग्रेसियों के इस कष्ट का कोई इलाज नहीं है।

## 21 को आएंगी प्रियंका गांधी, कांकेर और राजनांदगांव में सभा

**रायपुर।** एआईसीसी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के कांकेर और राजनांदगांव में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। पूर्व में उनका कार्यक्रम 20 अप्रैल को तय किया गया था। कार्यक्रम में संशोधन करते हुए उसे एक दिन आगे बढ़ाकर 21 अप्रैल कर दिया गया है। दूसरे चरण में इन दोनों सीटों पर मतदान होना है।



कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में अब तक राहुल गांधी की एक सभा बस्तर में हुई है। दूसरे चरण के लिए उनकी मांग कई लोकसभा क्षेत्रों में की जा रही है। वहीं प्रियंका गांधी की सभा कराने कांग्रेस के प्रत्याशियों ने समय मांगा है। पूरे देश में होने वाले चुनाव में उनका अधिकतर दौरा तय होने के कारण यहां पर समय नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा महासमुंद में कराने को लेकर कार्यक्रम तय किया जा रहा है। वहीं तीसरे चरण के लिए कांग्रेस का प्रचार 19 अप्रैल के बाद जोर पकड़ेगा।

## चैंबर भवन में पहले मतदान फिर दुकान अभियान की शुरुआत

**रायपुर।** प्रदेश में 3 चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर राजधानी के बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन में सोमवार को पहले मतदान फिर दुकान अभियान की शुरुआत जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार ने की। इस मौके पर प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों को लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर दूसरों को भी मतदान के लिये प्रेरित करने संदेश दिया गया। अभियान में शामिल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप और असिस्टेंट कलेक्टर अनुपमा आनंद की उपस्थिति में व्यापारियों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेशभर के व्यापारियों को परिवार और कर्मचारियों सहित मताधिकार का प्रयोग करने आव्हान किया।

## छत्तीसगढ़ में बनी 196 किलोमीटर लंबी पीएम ग्रामीण सड़क, अब होगी जांच, आएंगे गुणवत्ता समीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023-24 के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 196 किलोमीटर लंबाई वाली सड़कें बनाई गई हैं। अब केंद्र सरकार के गुणवत्ता समीक्षक यहां आकर सभी सड़कों की जांच करेंगे। बताया गया है कि 2023-24 के लिए राज्य में कुल 1820 किलोमीटर लंबी सड़कें स्वीकृत की गई थी, लेकिन अब कर 196.333 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा हो पाया है। छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के गुणवत्ता निरीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक इस महीने राज्य के दौरे में रहेंगे । राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक सालवे विवेक भाऊराव सरगुजा, रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा, राम प्रकाश सिंह कोण्डागांव एवं नारायणपुर, बिमल कुमार टिक्कू बीजापुर एवं सुकमा जिलों का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन कार्यों के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक आगामी कुछ महीने में प्रदेश के दौरे पर रहेंगे।




### मई में होगी पूरे राज्य में गुणवत्ता जांच

राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के राज्य गुणवत्ता समन्वयक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक सालवे विवेक भाऊराव सरगुजा, रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा, राम प्रकाश सिंह कोण्डागांव एवं नारायणपुर, बिमल कुमार टिक्कू बीजापुर एवं सुकमा जिलों का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता परीक्षण के लिए मई 2024 में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण नई दिल्ली के निरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का दौरा कार्यक्रम साल 2024 लिए निर्धारित किया जा चुका है।

## हेलीकाप्टर से नहीं घूम रहे इसलिए विपक्ष नजर नहीं आ रहा

### भाजपा 150 सीटों में सिमटकर रह जाएगी : बैज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश में विपक्ष के नजर नहीं आने के सवाल पर कहा, हम हेलीकॉप्टर में नहीं घूम रहे, इसलिए शायद विपक्ष नजर नहीं आ रहा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस, बीजेपी से अधिक सीट जीतेगी। भाजपा 150 सीटों में सिमटकर रह जाएगी। जनता उनके झूठ को समझ चुकी है। अपने निवास में संवाददाताओं से चर्चा में भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर उन्होंने कहा, भाजपा के घोषणापत्र में देश के युवाओं के लिए नौकरी का जिक्र नहीं है। महिलाओं, महंगाई, किसानों कोई जिक्र नहीं है। भाजपा ने चुनावी हार मान ली है, घोषणापत्र एक ढकोसला है। हमारे घोषणापत्र में युवाओं, किसानों, महिलाओं के लिए बहुत कुछ है। यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।

### सत्ता के लालच में कर रहे भाजपा प्रवेश

कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने वालों को लेकर उन्होंने कहा, कुछ लोग सत्ता के लालच में जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भाभी के बीजेपी प्रवेश पर कहा, भाजपा से आई थीं, भाजपा में चली गईं।

## स्वास्थ्य की दिशा में कांग्रेस का वादा बेहतर भाजपा का घोषणापत्र ठगने वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार के विगत 10 वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवा बदहाल हुई है। सीएजी की रिपोर्ट में प्रमाणित हुआ है कि आयुष्मान योजना के नाम पर हजारों करोड़ के घपले, घोटाले किये गये। लोकसभा चुनाव के लिए दोनों प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों का घोषणापत्र जारी हो चुका है। स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जहां कांग्रेस पार्टी ने 19 महत्वपूर्ण वादे किये हैं, वहीं भाजपा ने केवल तीन वायदे किए हैं। भाजपा अपने संकल्प पत्र में भी आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कोई ठोस वादा करने में नाकाम रही।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में डॉ. गुप्ता ने कहा, भाजपा के घोषणापत्र में स्वास्थ्य सेवा के संबंध में केवल पुराने वादे ही हैं, जो पूर्व में भी पूरे नहीं हुये। एम्स में डॉक्टर, नर्स, तकनीशियनों के लगभग 45 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं, मोदी सरकार ने भर्तियां रोक रखी हैं,



जिसका नुकसान मरीजों को उठाना पड़ रहा है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की सरकारों में कई तरह के टीके निःशुल्क लगवाने की व्यवस्था थी। मोदी सरकार ने तो वैक्सीन निर्माता कंपनी से चुनावी बांड वसूले, मोदी सरकार में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर भी लगातार सवाल उठते रहे हैं। मोदी सरकार ने स्वास्थ्य के बजट में भी लगातार कटौती की है। भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में भी स्वास्थ्य सेवा की उपेक्षा स्पष्ट तौर पर दिख रही है। आयुष्मान कार्ड से इलाज अघोषित रूप से बंद है, भुगतान नहीं मिलने से कई अस्पताल मरीजों को बिना इलाज के लौटा रहे हैं। भाजपाई बतायें कि देश की जनता को स्वास्थ्य सेवा के अधिकार से क्यों वंचित रखा जा रहा है?

### कांग्रेस ने किए ये वायदे

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने बीजेपी और कांग्रेस के घोषणापत्र में स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर किए वादे पर कहा, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कई महत्वपूर्ण बातों का वादा किया है। इसमें बच्चों का सौ प्रतिशत टीकाकरण समेत पैरामेडिकल स्टाफ और जरूरी स्टाफ की भर्ती करने का वादा किया गया है, जो बहुत महत्वपूर्ण है। इससे नए मेडिकल कॉलेज खोलने की भी अनुमति मिलेगी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में सभी चिकित्सा प्रणाली को प्रोत्साहित करने का भी वादा किया है। दवाइयों की गुणवत्ता और दाम को लेकर कांग्रेस ने बहुत महत्वपूर्ण बिंदु उठाया है। बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराने का वादा किया है।

## मुख्यमंत्री को बाबा आंबेडकर की तस्वीर भेंट कर किया सम्मान

**रायपुर।** आंबेडकर अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने राजधानी रायपुर की 134 झुग्गी बस्तियों और बीएसयूपी कॉलोनियों में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भारत के संविधान की रक्षा और संविधान के पालन करने का संकल्प लिया। इस दौरान घड़ी चौक स्थित आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में सामाजिक नेता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव को डॉ. आंबेडकर की तस्वीर भेंटकर उनका सम्मान किया।



### विधायक मिश्रा ने अर्पित की पुष्पांजलि

**रायपुर।** सामाजिक संस्था आंबेडकर अधिकार मंच द्वारा कोटा वार्ड में धूमधाम से आंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा आंबेडकर जयंती में राजधानी के कोटा में पहुंचे और सर्वप्रथम कोटा रेलवे क्रॉसिंग स्थित नवनिर्मित बाबा आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, भारत का संविधान लिखकर बाबा साहब आंबेडकर ने देश के लिए ऐतिहासिक और महान कार्य किया, जिसके लिए हम सभी उनके हमेशा आभारी रहेंगे। डॉ आंबेडकर गरीबों की बुलंद आवाज और सामाजिक न्याय के पैरोकार थे।



## मुस्लिम समाज ने मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती



**रायपुर।** मुस्लिम समाज द्वारा संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर पुष्पमाला पहनाकर सभी सामाजिक बंधुओं को बधाई दी गई। सभी मुस्लिम समाज के पदाधिकारियों ने शिरकत की, जिसमें मुख्य रूप से एजाज कुरैशी, अफरोज ख्वाजा, अली हफिल, अब्दुल कादिर, तौफिक खान, शब्बीर खान, मोहम्मद सलीम, अब्दुल हक, तसव्वर अली, शेख दानिश, हाजी अजीम, सैय्यद नावेद अशरफ, शहबाज राजा, नाहिद काफ, मो. रियाज, दिलशाद खान, तारीख, शेख अकरम, शेख जमील, जावेद चौहान, हसीब अख्तर, अलीम रजा, आरिफ रजा, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद निशाद, जावेद अख्तर आदि शामिल थे।

### महिलाओं और मजदूरों को न्याय योजना की दी जानकारी

## कांग्रेस का पश्चिम विधानसभा में जनसंपर्क एवं सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने खमतराई ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में जाकर जनसंपर्क किया। वहां के बाजार में सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और महिलाओं को नारी न्याय गारंटी के बारे में बताया। यहां के वीर शिवाजी वार्ड, कन्हैयालाल बजारी वार्ड, ठक्कर बापा वार्ड, दानवीर भामाशाह वार्ड, बाल गंगाधर तिलक वार्ड, एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, रामकृष्ण परमहंस वार्ड में जनसंपर्क और कई जगहों पर सभाएं भी की।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कांग्रेस का प्रचार किया और घर-घर जाकर कांग्रेस का पंप्लेट भी बांटा। उन्होंने मजदूरों से भी मुलाकात की और उनको श्रमिक न्याय गारंटी के बारे में बताया। विकास उपाध्याय का महिलाओं ने आरती उतार कर स्वागत किया।



वार्ड में उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली और कांग्रेस की महत्वपूर्ण घोषणा को अधिक से अधिक घरों में पहुंचने की बात भी कही। उनके साथ शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, शिव सिंह ठाकुर, पार्षद श्रीकुमार मेनन, सुंदर जोगी, अनु राम साहू, वारेन साहू, वंदना राजपूत, सुनील देवांगन, आकाश दीवान रानी वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### नशे में धुत बदमाशों ने किया चाकू से हमला

**रायपुर।** उरला थाने में एक व्यक्ति ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपने साथी की जांघ पर चाकू से हमला कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राजू सिंह ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। राजू ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी कमलेश सिंह के साथ राशन का सामान लेने गया था। रास्ते में नशे में धुत बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए कमलेश की जांघ पर चाकू से हमला कर दिया।

### सूने मकान में धावा, डेढ़ लाख के जेवर पार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लक्ष्मीनगर निवासी राजेश बरई ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि वह 13 अप्रैल को अपने परिवार के साथ घूमने मैनपाट गया था। सोमवार को दोपहर वापस आने पर देखा कि कोई अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर घर के अंदर रखे तीन आलमारियों का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवर चोरी कर ले गया।

### अग्रोहा सोसायटी के सूने मकान में चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी का जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सत्येंद्र गुप्ता ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सत्येंद्र ने पुलिस को बताया कि वह 9 अप्रैल को परिवार के साथ अपने ससुराल बागबहरा गया था। दूसरे दिन घर में काम करने वाली बाई ने सत्येंद्र को कॉल कर घर में चोरी होने की जानकारी दी।

### पुरानी रंजिश के चलते पिता-पुत्र से की मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक युवक ने दूसरे अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक अजय ने गाजीनगर निवासी मोहम्मद सिराज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अजय ने पुलिस को बताया है कि वह रविवार को बंजारी मंदिर के वाहनों को पार्क करा रहा था, इसी दौरान सिराज उसके पास पहुंचा और पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट की। अजय के पिता बिच-बचाव करने पहुंचा को सिराज ने उसके साथ भी मारपीट की।

### पांच हजार की शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** निजात अभियान के तहत पुलिस ने धरसींवा ग्राम कूंरा के पास एक व्यक्ति को शराब की अवैध बिक्री करते पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने राजेंद्र सिसोदिया उर्फ नागो निवासी धरसींवा को पकड़कर शराब बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे, पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करता रहा। जिस पर आरोपी राजेंद्र सिसोदिया उर्फ नागो को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 45 पौवा देशी शराब कीमत लगभग 5000 रुपए जब्त कर उसके विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

### जलकर राशि के उचित निर्धारण को लेकर रार, फोरम में केस

**रायपुर।** रेसिडेंट को-ऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार ने जलकर राशि के उचित निर्धारण के लिए सोसाइटी की ओर से ईई और कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा था, जिस पर कोई कार्यवाही नहीं करने के कारण उपभोक्ता आयोग में केस दायर किया गया है, जिसमें विगत माह पेशी थी। इस पेशी में बोर्ड की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। अगली पेशी 3 मई को है। इस संबंध में सोसाइटी के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि मनमाने ढंग से जलकर लेना, सोसाइटी के ज्ञापन का जवाब नहीं देना, केस की सुनवाई में उपस्थित न होना और आयोग में मामला विचाराधीन रहते हुए कनेक्शन काटने की धमकी देना सर्वथा अनुचित है।

# आंबेडकर अस्पताल में बढ़ेंगी खुफिया निगाहें, कॉरिडोर से लेकर पार्किंग भी आएंगे दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों तथा चिकित्सकीय स्टाफ के साथ होने वाली किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की तैयारी कर ली गई है। खरीदे गए 45 नए कैमरों को लगाने सटीक स्थानों को चिन्हांकित कर लिया गया है। वार्डों में कोरोनाकाल में लगाए गए सौ पुराने कैमरों को एक्टिव किया जाएगा। इसकी मदद से अस्पताल के कॉरिडोर और पार्किंग को भी निगरानी के दायरे में लाया जाएगा।

आंबेडकर अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले मरीजों के सामान और परिसर से वाहन चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अस्पताल परिसर के संवेदनशील एरिये को सीसीटीवी कैमरे के दायरे में लाने की योजना काफी समय पहले बनाई गई थी। अस्पताल प्रबंधन द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर 45 सीसीटीवी कैमरे खरीदने का काम भी पूरा कर लिया गया था।

**खरीदे गए 45 नए सीसीटीवी कैमरा लगाने सटीक जगह चिन्हित**

**कंट्रोलरूम बनाया जाएगा**

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं। इनकी निगरानी के लिए आपात चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के साथ ओपीडी काउंटर के सामने कंट्रोलरूम स्थित है। नए कैमरे लगाने के बाद सभी कैमरों की मदद से समूचे अस्पताल की निगरानी के लिए बड़ा कंट्रोलरूम बनाया जाएगा।



■ वार्डों में कोरोनाकाल में लगे पुराने कैमरे फिर से एक्टिव होंगे

**पुख्ता होगी निगरानी**

अस्पताल में होने वाली गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम शीघ्र शुरू किया जाएगा। नए के साथ पुराने कैमरे एक्टिव होंगे, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता हो जाएगी।

- डॉ. एसबीएस नेताम
चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

सूत्रों के अनुसार इनके साथ महामारी के दौरान कोरोना वार्डों में लगाए गए लगभग सौ पुराने कैमरों को भी एक्टिव कर इन्हें भी सुरक्षा के लिए उपयोग लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। अस्पताल के ऐसे क्षेत्रों को भी चिन्हित कर लिया गया है जहां अक्सर गहमागहमी की स्थिति बनती है। इसके अलावा ऐसे उपयुक्त स्थान को भी तय किया गया है जिससे अस्पताल में आवाजाही करने वालों की पूरी तरह की निगरानी की जा सके। स्थान तय करने का काम पूरा होने के बाद जल्दी ही सीसीटीवी लगाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इस बार कैमरे की जद में अस्पताल भवन के भीतर के साथ बाहर स्थित पार्किंग को भी लाया जाएगा।

**दोनों द्वार भी प्रस्तावित**

सूत्रों के अनुसार आंबेडकर अस्पताल में प्रवेश करने के लिए दो द्वार का उपयोग किया जाता है। इसमें से एक अस्पताल के मुख्य भवन में इमरजेंसी गेट की तरफ है, वहीं दूसरा द्वार मेडिकल कालेज की तरफ खुलता है। सुझाव दिया गया है कि दोनों मुख्य द्वार पर कैमरा लगाने से अस्पताल आने जाने वालों प्रत्येक शख्स की पहचान की जा सकती है, इस आधार पर वहां भी कैमरा लगाना प्रस्तावित है।

## 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने पर 6 फीसदी पेनाल्टी

# राजस्व महकमे को मिली थी 250 करोड़ की डिमांड, वसूली हुई 285 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे को पिछले साल 250 करोड़ के डिमांड के विरुद्ध 285 करोड़ का राजस्व मिला है। यानी टारगेट से 35 करोड़ रुपये ज्यादा की वसूली हुई। 31 मार्च तक बकाया कर जमा नहीं करने वाले करदाताओं से निगम अब 6 फीसदी सरचार्ज के साथ बकाया टैक्स की वसूली करेगा। जिन बड़े बकायादारों ने 31 मार्च तक नगर निगम को बकाया कर का भुगतान नहीं किया है, उन्हें सरचार्ज के साथ नये वित्तीय वर्ष में डिमांड बिल भेजकर बकाया राजस्व की वसूली की जायेगी।

नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में पिछले बार के वित्तीय वर्ष की वसूली से 60 करोड़ रुपये ज्यादा की राजस्व वसूली हुई है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा नगर निगम के 10 जोन को 70 वार्डो से 250 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया था। निगम के राजस्व विभाग ने निर्धारित लक्ष्य को पार कर 285 करोड़ की राजस्व वसूली का रिकार्ड बनाया। ऐसे बड़े बकायादार जिन्होंने 31 मार्च तक बकाया राजस्व का भुगतान नगरनिगम को नहीं किया है, उनका जोनवार डाटा मंगाया जा रहा है। इन्हें नये वित्तीय वर्ष की शुरुआत में सरचार्ज के साथ डिमांड बिल भेजा जायेगा।

**नये वित्तीय वर्ष का संपत्ति कर जून तक जमा करने पर सवा छह फीसदी मिलेगी छूट**

**30 करोड़ का यूजर चार्ज वसूल**

डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के बाद नागरिकों से यूजर चार्ज वसूली के मामले में निगम ने इस बार सफलता पाई है। 1 मई 2023 से 31 मार्च 2024 तक 30 करोड़ का यूजर चार्ज वसूल किया गया। राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है, अभी इसमें और मेहनत की जरूरत है।



**10 हजार खुली भूमि से नहीं हो पाई टैक्स वसूली**

10 हजार खुली भूमि से टैक्स वसूली के मामले में सामान्य सभा में हुये निर्णय के बावजूद बकाया टैक्स पर चक्रवृद्धि ब्याज के बदले केवल 2 साल का टैक्स लेने के मामले में शासन का निर्णय नहीं आ पाया। जबकि नगर निगम ने इसके लिये फरवरी माह में ही सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित होने के बाद इसकी स्वीकृति के लिये शासन के पास प्रस्ताव भेज दिया था। इसी प्रकार 25 हजार मिसिंग प्रापर्टी की रसीदें इस बार भी नहीं कट पाई, क्योंकि निगम के पास संबंधित मिसिंग प्रापर्टी के रिकार्ड ही नहीं हैं। जीआईएस सर्वे के बाद शहरभर में 25 हजार मिसिंग प्रापर्टी को चिन्हांकित किया गया था, निगम प्रशासन आज तक संबंधित प्रापर्टी होल्डर तक नहीं पहुंच पाया।

**एडवांस में टैक्स जमा करने पर 6.25 फीसदी छूट**

नये वित्तीय वर्ष में करदाताओं की सुविधा के लिये राजस्व विभाग ने वर्ष 2024-25 के टैक्स जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोगों को समय पर करों का भुगतान के लिये प्रेरित करने अप्रैल से जून तक संपत्ति कर का अग्रिम भुगतान करने वालों को 6.25 फीसदी छूट मिलेगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से करदाता अपनी सुविधा अनुसार नगर निगम के करों का भुगतान कर सकता है। जुलाई से सितंबर तक 4 फीसदी और अक्टूबर से दिसंबर तक टैक्स जमा करने पर 2 फीसदी छूट मिलेगी।



### बेलसोंडा के शीतला माता में हुआ अष्टमी हवन पूजन एवं कन्याभोज

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा की अधिष्ठात्री देवी शीतला माता में हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। हवन पूजन मे उपस्थित सरपंच श्रीमती भामिनी पोखन चंद्राकर ने बताया कि नवरात्रि का यह पूरा कार्यक्रम शीतला माता सेवा समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू की सक्रियता एवं कोषाध्यक्ष श्री उदेराम साहू की तत्परता तथा भक्तगणों खोरबाहरा बैगा, प्रेमलाल चन्द्राकर, ज्ञानिक साहू, आनंद यादव, महेश धीवर के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ। सरपंच श्रीमती भामिनी के साथ हवन कार्यक्रम मे सक्रिय पंच प्रकाश साहू, त्रिवेणी चंद्राकर, मीनू चंद्राकर तथा ग्रामीणजनों मे डॉक्टर घनश्याम चंद्राकर, तुलसीराम सेन, नेतराम चन्द्राकर, बिसहत चंद्राकर, लक्ष्मीकांत चंद्राकर, महेश चंद्राकर, कन्हैया यादव, भीखम धीवर राकेश चंद्राकर,अजय चंद्राकर, पुष्कर यादव, धनी बैगा, शिव यादव, हनुमान साहू, तुकेश साहू, मुख्य जजमान ज्ञानिक साहू इंद्राणी साहू तथा बच्चे मेघना चंद्राकर, लक्ष्य चंद्राकर, आहान चंद्राकर, देविका चंद्राकर, डेविड धीवर, अमन यादव, नमन यादव तथा विशेष सहयोगी विजया दीदी देशमुख जी उपस्थित थी। हवन पूजन पश्चात कन्याभोज का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ने बताया कि सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के कुशल निर्देशन एवं हर कार्य मे उनका सहयोग मिलने के कारण ही हम सभी को कार्य करने मे सहजता एवं सरलता होती है।



### हवन पूजन के साथ कराया कन्या भोज

**महासमुंद।** स्थानीय खैरभाठा में हवन-पूजन के साथ कन्या भोजन का कार्यक्रम हुआ । मां जगत जननीं ज्योत जंवारा प्रज्ज्वलित कर गांव में खुशहाली की कामना की गई।



### सोनई रूपई में हवन पूजन

**महासमुंद।** पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल अपने गृह ग्राम खट्टी में माता सोनई रूपाई मंदिर में चैत्र नवरात्र के अष्टमी के हवन पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

# पार्किंग व्यवस्था सुधारने ऑटो महासंघ ने खोला मोर्चा, ठेकेदार ने कहा- सभी के लिए एक नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रेलवे स्टेशन में पार्किंग अव्यवस्था को लेकर सोमवार को शहर ऑटो महासंघ ने डीआरएम ऑफिस का घेराव करते हुए सिस्टम को सुधारने ज्ञापन सौंपा। ऑटो संघ के अध्यक्ष कमल पांडेय ने कहा कि स्टेशन में पार्किंग नियमों का पालन नहीं होने से लोगों को काफी असुविधा है।

संघ ने पार्किंग ठेकेदार के खिलाफ अवैध वसूली का भी आरोप लगाया है। इस पूरे मामले में डीआरएम ने ठेकेदार और ऑटो संघ से एक साथ बातचीत कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

पार्किंग ठेकेदार का कहना है कि पार्किंग नियम सभी के लिए एक सामान है। ऑटो चालक अगर बिना पर्ची स्टेशन परिसर में प्रवेश करते हैं, तो निर्धारित शुल्क देना होगा। इसके अलावा 7 मिनट से अधिक होने से तय शुल्क वसूला जाएगा। आम लोगों और ऑटो चालकों के लिए एक नियम है। रेलवे के अधिकारी भी पिक एंड ड्राप सिस्टम शुरू होने के बाद औचक जांच कर रहे हैं। शिकायतों पर सीसीटीवी फूटेज के जरिए जांच की जा रही है। शहर आटो टैक्सी चालक महासंघ का कहना है कि स्टेशन में यात्रियों को पहुंचाने ऑटो और ई-रिक्शा चालक दिन में कई बार आते-जाते रहते हैं। उनके साथ भी ठेकेदार के लोग गुंडागर्दी कर विवाद करते हैं। इसकी शिकायत रेलवे अधिकारियों से लगातार करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जिला और रेलवे पुलिस तक हस्तक्षेप नहीं कर रही है। महासंघ ने ठेकेदार की इस गुंडागर्दी पर रेलवे और जिला प्रशासन का संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि 72 घंटे के भीतर जिला और रेलवे प्रशासन कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं करता है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

- ■ ऑटो महासंघ ने डीआरएम ऑफिस का घेराव कर सौंपा ज्ञापन
- ■ रेलवे यात्रियों की शिकायत पर सीसीटीवी फूटेज के जरिए कर रहा जांच
- ■ 72 घंटे का दिया अल्टीमेट

# पत्थर गैंग के रायगढ़ में पकड़े जाने पर रायपुर पुलिस करेगी पूछताछ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायगढ़ पुलिस ने पाना, पेंचकस, रॉड तथा पत्थर की मदद से चोरी करने वाले मध्यप्रदेश गैंग के छह बदमाशों को पकड़ा है। गिरफ्तार बदमाशों पर आशंका है कि उन लोगों ने राजधानी के माना थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व डकैती की घटना को अंजाम दिया होगा। इस संबंध में रायपुर पुलिस की एक टीम रायगढ़ जाकर पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ करेगी। रायगढ़ पुलिस के मुताबिक पत्थर गैंग का मास्टर माइंड मध्यप्रदेश, धार निवासी आलम सिंह बामनिया है। उसकी निशानदेही पर मध्यप्रदेश अलिराजपुर निवासी सूर्या उर्फ सुअर, जालम मोहनिया, चामसिंह बामनिया, पेमली बाई, गम बाई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आलम सिंह के गिरोह में 16 सदस्य शामिल हैं।

**टीम रायगढ़ रवाना होगी**

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक रायगढ़ पुलिस ने जिस गिरोह को पकड़ा है, वो गिरोह सूने मकान में चोरी करने वाला गिरोह है। रायपुर में पिछले महीने जो घटनाएं घटित हुई हैं, उन घटनाओं में बदमाशों ने सूने मकान की जगह जहां लोग थे, उन मकानों में घटना को अंजाम दिया है। क्राइम डीएसपी के मुताबिक पकड़े गए गिरोह को लेकर राजधानी पुलिस रायगढ़ पुलिस के संपर्क में है, जरूरत पड़ने पर बदमाशों से पूछताछ करने पुलिस की एक टीम रायगढ़ रवाना की जाएगी।

# जिले के पत्रकारों ने किया डाक मतपत्र से मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मी सहित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल है।



इस अनिवार्य सेवा का लाभ उठाते हुए पहली बार जिले के तीन पत्रकारों ने अपने मताधिकार का उपयोग डाक मतपत्र के माध्यम से किया है। जिले के संजय डफले, जितेंद्र सतपथी एवं जयदेव सिंह ने डाक मतपत्र अंतर्गत अनिवार्य सेवा के लिए स्थापित सुविधा केंद्र में 15 और 16 अप्रैल को मतदान किया।

## हड़ताल अवधि को माना अवकाश, चिकित्सा कर्मियों को अब तक नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न मांगों को लेकर अगस्त में हड़ताल करने वाले स्वास्थ्य कर्मी इसके साइड इफेक्ट का शिकार हो रहे हैं। शासन ने पिछले माह आंदोलन को अवकाश की अवधि मान लिया था।

स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े कर्मियों को इसका वेतन मिल चुका है, मगर चिकित्सा शिक्षा कर्मी अभी भी इसका इंतजार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के बैनर तले हुए आंदोलन में चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित एक हजार कर्मचारी शामिल हुए थे। इन्हें हड़ताल अवधि का अवकाश स्वीकृत होने के बाद वेतन नहीं मिल पाया है।

■ स्वास्थ्य संचालनालय के कर्मियों को मिल चुका लाभ, 24 दिन हड़ताल का मामला

आंदोलन में उनके साथ स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े कर्मचारी भी शामिल थे, मगर उनका अवकाश स्वीकृति होने के साथ वेतन भी प्राप्त हो गया है। फेडरेशन से जुड़ी डॉ. रीना राजपूत ने बताया कि इस मामले में उन्हें स्वास्थ्य मंत्री, चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा भी वेतन दिए जाने का आश्वासन दिया जा चुका है, मगर विभागीय प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

तर्क दिया जा रहा है कि संचालनालय स्तर पर विभिन्न जिलों से चिकित्सा शिक्षा में कार्यरत और हड़ताल में शामिल कर्मचारियों की सूची मांगी गई थी। ज्यादातर जिलों ने इसकी औपचारिकता पूरी कर चुकी है, कुछ इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पूरी सूची तैयार होने के बाद ही वेतन जारी किया जा सकता है। फ

## पं. मेहता का व्याख्यान आज



**रायपुर।** रायपुर समेत देशभर में रामनवमी पर एक साथ एक ही समय पर सवा करोड़ हनुमान चालीसा का महापाठ किया जाएगा। इसका मुख्य आयोजन केंद्र रायपुर के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मैदान में 17 अप्रैल को होगा। हनुमान महापाठ समिति द्वारा यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से किया जा रहा है। इसी दौरान पं. विजयशंकर मेहता का हनुमानजी की जीवनभर में की गई आठ छलांगों पर व्याख्यान होगा। समिति द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श करने एक बैठक रखी गई थी। बैठक में रायपुर शहर के कार्यक्रम संयोजक विजय अग्रवाल व राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंधड़ा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देश के अनेक शहरों, नगरों, कस्बों के सार्वजनिक स्थलों, सामुदायिक व सामाजिक भवनों तथा धार्मिक स्थलों में एक ही दिन रामनवमी पर एक ही समय शाम 7 बजे सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का महापाठ किया जाएगा।

**अगले माह से आएगी तेजी**

# स्मार्ट मीटर लगाने की रफ्तार अभी स्मार्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ अभी सरकारी विभागों में महज 14 और फीडर तथा ट्रांसफार्मरों में लगे 700 मीटर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ तो हो गया है, लेकिन इसके लगने की रफ्तार अभी स्मार्ट नहीं है। 20 फरवरी को पहला मीटर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में टाटा कंपनी ने लगाया था। रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी को मिला है। इसी के साथ बिलासपुर और सरगुजा संभाग का काम जीनस कंपनी कर रही है। करीब दो माह में अब तक महज 14 सरकारी दफ्तरों में ही मीटर लग सके हैं। इसी के साथ ट्रांसफार्मर और फीडरों में सात सौ मीटर लगे हैं। इनमें दो लाख से ज्यादा मीटर लगने हैं। इसी के साथ सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में मीटर लगने हैं। अभी मीटरों की सप्लाई की रफ्तार सुस्त होने के कारण मीटर नहीं लग पा रहे हैं। अगले माह से इसमें तेजी आने की संभावना है। प्रदेश में अब हर बिजली कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगने तय हो गए हैं। रायपुर संभाग का ठेका टाटा कंपनी ने लिया है। इस कंपनी का काम राजधानी रायपुर में 20 फरवरी से प्रारंभ हो गया है। कंपनी ने पॉवर कंपनी के दफ्तरों के साथ पॉवर कंपनी के मुख्यालय के एक सब स्टेशन और ट्रांसफार्मर में भी मीटर लगाने का काम किया। इस कार्यक्रम का जोरशोर से उद्घाटन भी किया गया। मीटर लगने की रफ्तार में अब तक तेजी नहीं आ सकी है। मीटर लगाने का काम प्रारंभ करने के लिए कुछ मीटर मंगा लिए गए थे, लेकिन कंपनी ने मीटर सप्लाई करने वाली कंपनी से अपना अनुबंध मार्च में किया है जिसके कारण मीटरों की सप्लाई होने में समय लग रहा है।

*यहां लगेंगे पहले : सबसे पहले सवा लाख सरकारी दफ्तरों में मीटर लगेंगे। इसी के साथ दो लाख दस हजार ट्रांसफार्मरों, छह हजार फीडरों में मीटर लगाए जाएंगे। रायपुर में टाटा कंपनी 17 लाख 79 हजार 363 कनेक्शनों में मीटर बदलने का काम करेगी। इसी के साथ बिलासपुर-सरगुजा संभाग, बस्तर, दुर्ग और राजनांदगांव को मिलाकर बनाए गए संभाग में जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम करेगी। जून तक सरकारी दफ्तरों में और दिसंबर तक फीडरों के साथ ट्रांसफार्मरों में मीटर लगाने का काम पूरा करना है। घरेलू और गैर घरेलू मीटर लगाने का काम भी साथ में करना है। कुल मिलाकर प्रदेश में 54 लाख मीटर लगने हैं। इसमें करीब दो साल का समय लगेगा।*

## खबर संक्षेप

### बेलसोंडा में अखंड रामायण समारोह आज

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक अखंड पांच दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में प्रथम पुरस्कार 1501 रुपए, द्वितीय 1251 रुपए एवं तृतीय 1001 रुपए प्रदाय किया जाएगा। प्रत्येक मानस मंडली को 751 रुपए की सम्मान राशि भेंट किया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा राम दरबार की फोटो फेमिंग एवं गेनेश्वर सोनेश्वर द्वारा विजयी मानस मंडलियों को मानस ग्रंथ व श्रीफल भेंट किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस रामायण समारोह में निःशुल्क आदर्श विवाह की व्यवस्था की है।



### खरोरा में रामायण सम्मेलन आज से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ गुड़ी चौक में दोपहर 3 बजे श्रीराम की पूजा अर्चना के साथ होगा। उक्त जानकारी रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने दी है।

### बागबाहरा में मुख्यमंत्री साय का आगमन कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा में प्रथम बार आगमन हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद सीएम साय 18 अप्रैल को बागबाहरा कृषि उपज मंडी प्रांगण में ढाई बजे पहुंचेंगे। वे यहां चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी अलका चंद्राकर ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जनता कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### कोल्दा के छात्र दिव्यांश का नवोदय में चयन

**कोमाखान।** पिथौरा विकासखंड के बुंदेली में संचालित गंगा इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्ययनरत ग्राम कोल्दा के होनहार छात्र दिव्यांश मंडल का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। पिता डॉ. प्रताप चंद्र मंडल एवं माता क्रान्ति पाल मंडल (शिक्षिका पीएस कोल्दा) में शिक्षिका है। ज्ञात हो कि इनके बड़े भैया प्रांजल मंडल का भी 2017 में जवाहर नवोदय में चयन हुआ था। बालक दिव्यांश के नवोदय में चयन पर स्कूल स्टाफ एवं कोल्दा के ग्रामीणों, उनके माता-पिता, आचार्य सहदेव ठाकुर ने हर्ष जताया है।



### पोटिया में हुआ श्रीमद भागवत गीता ज्ञान यज्ञ

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान चैत्र नवरात्र पर ग्राम पोटिया के राम-जानकी चौक पर सात दिवसीय आध्यात्मिक श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का सफल समापन हुआ। स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन से पधारी ब्रम्हा कुमारी लता के नेतृत्व में एवं ग्राम सरपंच बेला सिन्हा के अथक प्रयास से पहली बार इस आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम को ग्रामीणों ने सफल बनाया। ब्रम्हा कुमारी लता ने बताया कि रामायण, महाभारत एवं श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित इस ज्ञान यज्ञ में मनुष्य अपने सर्व पापों और बुराइयों को स्वाहा कर इस दुःख की दुनिया कलयुग से सुख शांति और समृद्धि से संपन्न स्वर्णिम युग सतयुग में प्रवेश कर देवता पद को प्राप्त करता है। उन्होंने यह भी बताया कि हमें बुद्धि से जानना होगा कि इस आधुनिक महाभारत काल में कौरव कौन और पांडव कौन। महाभारत में वर्णित युद्ध हिंसक था या अहिंसक, महाविनाश के पहले कैसे बनाएं स्वयं को शक्तिशाली, स्वर्णिम युग का आव्हान कैसे करें।



## लोकसभा चुनावः सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक

# जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए सभी का सहयोग आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों की बैठक ली। सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग आवश्यक है।

आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपनी शिकायत एवं समस्याओं के संबंध में संपर्क नंबर पर जानकारी दे सकते हैं तथा न्यू सर्किट हाउस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मिल सकते है। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों एवं प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए। बैठक में महासमुंद जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास, धमतरी एवं गरियाबंद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक रामप्रभु उड़ई आर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू मौजूद थे तथा पुलिस प्रेक्षक एम राकेश चंद्र कलासागर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण व अभ्यर्थीगणों में ताम्रध्वज साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी, महेश स्वर्ण निर्दलीय, नारद प्रसाद निषाद शक्ति सेना भारत देश, डॉ. आत्मानवरत्न बसपा, संतोष बंजारे निर्दलीय, दाउलाल चंद्राकर, देवीचंद राठी, अमित साहू बैठक में शामिल थे।




बैठक में सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि सीलिंग कार्य के समय सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस निर्वाचन में चूंकि अभ्यर्थियों की संख्या 17 है इसलिए दो बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपैट मशीन का उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सुबह 5:30 बजे मॉक पोल प्रारंभ होगा। मॉक पोल के दौरान अपने पोलिंग एजेंट अवश्यक भेजें। उन्होंने कहा कि सभी दल अपने प्रचार-प्रसार से संबंधित रैली, आमसभा, प्रचार सामग्रियों के मुद्रण की जानकारी दें। व्यय प्रेक्षकों ने कहा कि व्यय लेखा रजिस्टर निरीक्षण के लिए निर्धारित अवधि में सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद होकर जानकारी दें। पुलिस प्रेक्षक कलासागर ने कहा कि सभी स्थानों पर भय मुक्त निवार्चन के लिए पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। साथ ही अन्य समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस कार्य कर रही है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों को 9 अप्रैल को निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति तथा फोटो रहित निर्वाचक नामावली की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के अन्य अभ्यर्थी चाहे तो निर्धारित प्रिंटिंग दर पर राशि अदायगी कर निर्वाचक नामावली की प्रति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि डाक मतपत्र की गिनती लोकसभा मुख्यालय में ही होगी।

कलेक्टर ने बताया कि यदि अभ्यर्थियों या किसी भी दल को शिकायतें प्राप्त होती है तो वे सी विजिल एप्प और कंट्रोल रूम के माध्यम से सीधे शिकायत कर सकते हैं। उक्त सभी विषयों पर प्रतिनिधिगण व अभ्यर्थी सहमत हुए।

## कलार समाज परिक्षेत्र सुवरमाल के चुनाव में प्रेमशंकर के पैनल की जीत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ कलार समाज परिक्षेत्र सुवरमाल (बागबाहरा) का चुनाव 14 अप्रैल को ग्राम मोंगरापाली (रेवा) विकासखंड बागबाहरा में हुआ। चुनाव में शुरुआत से ही दो पैनल के बीच सीधा मुकाबला रहा। एक पैनल निवृत्तमान अध्यक्ष(मंडलेश्वर) डुमन सिन्हा तथा दूसरे पैनल पूर्व मंडलेश्वर प्रेमशंकर सिन्हा का।

मतदान नियत तिथि को प्रातः 10 बजे से दोपहर 03 तक हुआ। मतदान पश्चात मतदान स्थल में ही निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना कर पदवार गणना परिणाम/प्रमाण पत्र प्रत्याशियों को वितरित किया गया। जिसमें प्रेमशंकर सिन्हा के पैनल को स्वजाति मतदाताओं का भरपूर आशीर्वाद मिला। जिसके कारण मोंगरापाली (रेवा) में हुए चुनाव में उनके पैनल को एकतरफा जीत प्राप्त हुई। मंडलेश्वर पद हेतु डुमन लाल सिन्हा को 391 वोट, प्रेमशंकर सिन्हा को 615 वोट , प्रेमशंकर सिन्हा 224 वोट से विजयी हुए, सचिव पद के लिए खेमराज सिन्हा को 433 वोट, कंवलसिंह सिन्हा को 582 वोट, कंवल सिन्हा 149 वोट से विजयी हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए पुनित राम सिन्हा को 442 वोट, रमनलाल सिन्हा को 569 वोट, रमन सिन्हा 127 वोट से विजयी हुए। जिलाध्यक्ष नीरज गजेंद्र की उपस्थिति में चुनाव हुआ और जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश डड़सेना द्वारा तीनों प्रत्याशी विजयी घोषित किया गया।

उक्त चुनाव में मुरलीधर सिन्हा, तुकनंदन सिन्हा, भुखन सिन्हा जिला उपाध्यक्ष, रामकुमार सिन्हा जिला उपाध्यक्ष यु, ईश्वर सिन्हा, चिंताराम सिन्हा, दानेश्वर सिन्हा मंडलेश्वर खल्लारी, दौलत सिन्हा जिलाध्यक्ष यु, हेमलाल सिन्हा मंडल सचिव यु, नुतेश सिन्हा प्रचार मंत्री यु, सतीश सिन्हा मंडल अध्यक्ष यु, चुम्मन सिन्हा, मुकेश सिन्हा की अहम भूमिका रही।

## स्काउट-गाइड करेंगे प्याऊ घर का संचालन

**महासमुंद।** भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के आह्वान एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के दिशा निर्देशन तथा जिला अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, जिला मुख्य आयुक्त येतराम साहू के मार्गदर्शन में श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला महासमुंद के स्काउट एवं गाइड द्वारा पार्षद राजेंद्र चंद्राकर एवं ताराचंद चांडक के मुख्य आतिथ्य में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्काउटिंग परंपरानुसार अतिथियों का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया गया। इस सेवा कार्य का संचालन श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला के शिक्षक एवं स्काउट गाइड्स द्वारा मई माह तक किया जाएगा। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठक उर्मिला मरकाम, शिक्षक यशोदा तिवारी, कुंती देवांगन, गाइडर लीनू चंद्राकर, लक्ष्मी मानिकपुरी, शिक्षक किरण दीवान, गीता गोस्वामी, ज्योति, मानसी, सिमरन, गीता, तनिष्का, जितेंद्र, हीरालाल, जिगर, ज्ञानप्रकाश आदि स्काउट गाइड्स उपस्थित रहे।




## शिवसेना ने निकाली 361 मीटर की मनोकामना चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

चैत्र नवरात्र के सप्तमी के दिन शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, प्रदेश उप प्रमुख धर्मेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के शिवसैनिकों ने दुर्गा मंदिर प्रांगण बागबाहरा से चंडी माता मंदिर घुंचापाली तक 361 मीटर की मनोकामना चुनरी यात्रा निकाल क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए मन्नत मांगी। पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि पिछले 10 वर्षो से क्षेत्र की खुशहाली के लिए मनोकामना चुनरी यात्रा निकाली जा रही है। शुरुआत 11 मीटर चुनरी से की गई थी। आज 10 वर्षो में 361 मीटर की चुनरी निकाली गई। इस चुनरी यात्रा में सेवक दास दीवान, राधा रमन पांडे, नेतराम साहू, दिनेश सेठ, जिलाध्यक्ष अजय बंजारे, सिंपल दुआ, इनकुमार लहरे, हरी चंद्राकर, कुणाल सोनी, अशोक प्रधान, छबिदास मानिकपुरी, डिगा साहू, उमेश वर्मा, सूर्यकांत, अजय, प्रकाश मांझी सहित हजारों की संख्या में महिलाएं व युवक-युवतियां शामिल हुए। चुनरी यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया।



## कांग्रेस ने किया महिलाओं के साथ हमेशा अपमानजनक व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अलका चंद्राकर ने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ हमेशा झूठ-फरेब, धोखाधड़ी और अपमानजनक व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भाभी सीमा बघेल का कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश लेना इस बात को आईने की तरह साफ करता है कि कांग्रेस में महिलाओं की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा कि अपने इसी कपटपूर्ण राजनीतिक आचरण के चलते न केवल कांग्रेस जनता के मन से उतरी है, बल्कि भूपेश बघेल भी जनता के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और अब परिवार के लोगों को मन से भी उतर गए हैं।



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अलका ने कहा कि महिलाओं को महज अपने वोट बैंक के लिए इस्तेमाल कर उनके साथ कांग्रेस का एक और फर्जीवाड़ा सामने आया है। कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर जो फार्म भरवाया जा रहा है, उसे बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने झूठा बताकर कांग्रेस का झूठ सबके सामने ला दिया है। मौर्य का उक्ताशय का एक हस्ताक्षरित पत्र भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में आम कार्यकर्ताओं और महिलाओं का सम्मान सुरक्षित नहीं रह गया था। कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल बिलासपुर एवं जगदलपुर की महापौर द्वय क्रमशः वाणी राव एवं सफीरा साहू ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में महिलाओं का कोई सम्मान नहीं हुआ। महिलाओं से किए गए सारे वादों से कांग्रेस मुकर गई। महिलाओं को 500 रुपए देने की बात, चार सिलेंडर देने की बात, महिला स्वसहायता समूहों के कर्जा माफी की बात कोरा झूठ साबित हुईं। अब बस्तर कांग्रेस अध्यक्ष के पत्र ने कांग्रेस के महिलाओं को एक लाख रुपए देने की घोषणा के ढोल की पोल खोल दी है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान, वंदन और सशक्तिकरण भाजपा सरकार ही करती रही है और आगे भी करती रहेगी। कांग्रेस के लोग छत्तीसगढ़ की मातृ-शक्ति को झूठ-पर-झूठ फैलाकर बरगलाने की चाहे जितनी कोशिश कर लें, नारी शक्ति का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास बना हुआ है और जनता ऐसी फर्जी लोगों को विधानसभा चुनाव में करारा सबक सिखाने के बाद अब लोकसभा चुनाव में भी सबक सिखाने जा रही हैं।

## भाजपा के घोषणा पत्र से युवाओं को नौकरी, एमएसपी की गारंटी गायबः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी होने पर पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी 10 सालों से सत्ता में है, पहले वो अपने पिछले घोषणा पत्र की समीक्षा करके जनता को यह बताएं कि कितने वादों को पूरा किया है, उसके बाद नए घोषणा पत्र पर बात करें। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में सिर्फ जुमलेबाजी है, इसमें आम जनता के लिए कुछ भी नहीं।



उन्होंने कहा कि पिछले घोषणा पत्र में भाजपा ने 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने की बात कही थी, किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का वायदा किया था जो सिर्फ जुमला साबित हुआ। देश के विभिन्न कोनों में बेरोजगार युवाओं ने प्रदर्शन और आंदोलन किया। लेकिन, इन सब की आवाज को दबा दिया गया। आज जिसकी भी आवाज को दबाया जा रहा है, कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में उन सब की आवाज को उठाया है



## शक्ति केंद्रों में हुई भाजपाइयों की बैठक

**महासमुंद।** भाजपा इमलीभाठा शक्ति केंद्र प्रभारी सुजाता विश्वनाथन, भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पार्षद देवीचंद राठी, सह संयोजक हनीष बग्गा, जय मां संतोषी शक्ति केंद्र नयापारा के संयोजक सीता तोंडेकर, सह संयोजक महेश चौहान ने कृमशः मतदान केंद्र क्र. 189 वं 186 के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक प्रभारी भगवती करकसे, डा. केशव साहू, ललित मांझी, हेमकांति देवांगन, कुमारी बघेल, प्रभारी सोनाई विश्वकर्मा, खिलावन बघेल, कुसुम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय पॉलीटेक्निक के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एस आलोक के निर्देशानुसार एवं संस्था के प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन व संस्था नोडल अधिकारी सालिक राम ढीमर के सहयोग से संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक द्वारा नवीन मतदाताओं में शत प्रतिशत मतदान के लिए एक-एक वोट के महत्व को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया गया। साथ ही संस्था परिसर से ग्राम बरोंडाबाजार में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा संस्था के प्राचार्य द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर 26 अप्रैल को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## महिला पदाधिकारियों को बांटे नियुक्ति पत्र



**बसना।** छग झेरिया यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगनीक यादव व उनके पदाधिकारी बसना तहसील पहुंचे। जहां फुलझर राज के महिला पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया और अधिक से अधिक नारी शक्ति को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य करने प्रेरित किया। विकास एवं संगठन के लिए सभी उपस्थित पदाधिकारियों से सामाजिक चर्चा भी की गई। साथ ही फुलझर राज में समाज के संगठन की सराहना की। प्रदेश अध्यक्ष के साथ राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजू यादव व महासमुंद जिलाध्यक्ष प्रीतम यादव, महासमुंद संरक्षक नंद लाल यादव, राहुल चंद्राकर, पतित यादव, देवराज यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान फुलझर राज झेरिया यादव समाज के कोषाध्यक्ष खुलू राम यादव, केंद्रीय उपाध्यक्ष गंगाधर यादव, फुलझर राज संरक्षक पीला दाऊ यादव, हीरा लाल यादव, केंद्रीय सलाहकार ठंडाराम यादव, राम लाल यादव, तहसील संरक्षक रंजीत यादव, तहसील अध्यक्ष नरेंद्र यादव, तहसील सचिव कुंजराम यादव, सरायपाली तहसील अध्यक्ष कैलाश यादव, तहसील संरक्षक मनोज यादव, केंद्रीय सलाहकार मनीराम यादव, जमदरहा परिक्षेत्र अध्यक्ष पेनकू यादव, सचिव संपत्ति यादव, गौरटेक परिक्षेत्र सचिव रविशंकर यादव, टेमरी परिक्षेत्र अध्यक्ष बसंत यादव, जेराभरण परिक्षेत्र सचिव प्रभाकर यादव, बसना शहर सचिव आजू यादव, डायमंड यादव, रुपलाल यादव, बिहारी यादव, घसिया यादव, केंद्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संतोषी यादव,महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष सुमन यादव, सरायपाली तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रिंकी यादव, बसना संगठन मंत्री पूजा यादव आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश यादव एवं अरुण यादव ने दी है।




